

नवभारत 03
इंदौर, रविवार 10 मई 2026

# अब नहीं बचेंगे नियम तोड़ने वाले नाविक, ओंकारेश्वर में होगी सख्त कार्रवाई

नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** खंडवा। ओंकारेश्वर स्थित नर्मदा घाटों पर श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त हो गया है। घाटों पर सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले नाविकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ऋषभ गुप्ता के निर्देश पर होमगार्ड विभाग द्वारा तैनात एसडीईआरएफ और होमगार्ड जवान लगातार सुरक्षा निगरानी कर रहे हैं।

कलेक्टर ने स्पष्ट कहा है कि बिना लाइफ जैकेट यात्रियों को नाव में बैठाने तथा निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी ले जाने जैसी लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हाल ही में बिना लाइफ जैकेट यात्रियों को बैठाने और क्षमता से अधिक सवारी



ले जाने के दो मामलों में एसडीईआरएफ प्रभारी रवींद्र महिवाल द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके आधार पर डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड आशिष कुशवाह ने नगर परिषद ओंकारेश्वर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नाव क्रमांक 63 के चालक तेजपाल और नाव क्रमांक 66 के चालक भानु के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट आशीष कुशवाहा ने सभी नाव संचालकों से प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करने और यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नियमों के उल्लंघन पर संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क एक्सीडेंट में उज्जैन जा रहे युवक की मौत

नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** खंडवा-अमरावती राज्य मार्ग पर शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो युवतियां घायल हो गईं। हादसा ग्राम गुड़ी स्थित अनाज मंडी के पास ब्लैक स्पॉट पर हुआ, जहां कार अनियंत्रित होकर पलट गई।

पुलिस के अनुसार कार में महाराष्ट्र के अमरावती निवासी चार दोस्त सवार थे, जो महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग में दर्शन और पूजा के लिए उज्जैन जा रहे थे। हादसे में गौतम सेवानी (23) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तनु और नायरा नामक युवतियां घायल हो गईं। चालक दर्शन सुरक्षित बच गया।प्राथमिक जांच में तेज रफ्तार और चालक को झपकी आना हादसे का कारण





माना जा रहा है। चालक ने पुलिस को बताया कि अचानक नींद का झोंका आने से कार अनियंत्रित हो गई। इसी दौरान सामने जानवर आने पर ब्रेक लगाने से वाहन पलट गया। बताया जा रहा है कि हादसे के दौरान कार के एयरबैग भी नहीं खुले।घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने पर डायल-112 टीम पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों युवतियों को छुट्टी दे दी गई। पुलिस के मुताबिक मृतक गौतम अमरावती में स्पा सेंटर संचालित करता था। परिवारजन के अनुसार वह कालसर्प दोष निवारण पूजा के लिए उज्जैन जा रहा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सिंधी समाज ने एसपी जैन का किया स्वागत





**खंडवा।** नवागत जिला पुलिस अधीक्षक अगम जैन से श्री पूज्य सिंधी पंचायत का प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर स्वागत किया। प्रवक्ता कमल नागपाल ने बताया कि अध्यक्ष मेठाराम पिंजानी के नेतृत्व में शनिवार दोपहर एस पी कार्यालय में समाज द्वारा उनका शाल और पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। श्री जैन ने स्थानीय सिंधी समाज के परिवारों के बारे में और उनके व्यापार व्यवसाय के संदर्भ में जानकारी ली।अध्यक्ष ने उन्हें सिंधु भवन के बारे में भी बताया। समाज के प्रतिनिधि मंडल ने उनका दादाजी की नगरी में स्वागत करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष मेठाराम पिंजानी, विशेष सलाहकार नरेंद्र लधानी, उपाध्यक्ष राजेश परचानी, सचिव श्याम हेमवानी, कोषाध्यक्ष मनोहर लाल संतवानी, सहयोगी सदस्य महेश कुमार चंदवानी, राजू तीर्थानी और प्रवक्ता कमल नागपाल उपस्थित रहे।

## जन्मदिन पर सीईओ डॉ. नागार्जुन गौड़ा ने किया रक्तदान



**खंडवा।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन गौड़ा ने अपने जन्मदिन के अवसर पर ओंकारेश्वर में रक्तदान कर समाज को प्रेरणादायक संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने सभी लोगों से रक्तदान करने की अपील भी की। डॉ. गौड़ा ने ओंकारेश्वर दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे रक्तदान कर जरूरतमंदों की मदद करें तथा वीआईपी प्रोटोकॉल के तहत मिलने वाली निशुल्क शीघ्र दर्शन सुविधा का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महादान है, जिससे किसी बीमार या घायल व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। जन्मदिन जैसे विशेष अवसर पर रक्तदान करना समाज सेवा का श्रेष्ठ उदाहरण है। सीईओ डॉ. गौड़ा ने कहा कि दुर्घटना, ऑपरेशन, गंभीर बीमारी और प्रसव के दौरान कई लोगों को रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे समय में रक्तदाता ही मरीजों के लिए उम्मीद बनते हैं। उन्होंने बताया कि विज्ञान की प्रगति के बावजूद रक्त का कृत्रिम निर्माण संभव नहीं है, इसलिए इसकी पूर्ति केवल मानव द्वारा किए गए रक्तदान से ही हो सकती है।

## सुरक्षित मातृत्व अभियान में हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच



**खंडवा।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिले के सरकारी अस्पतालों में शनिवार को विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर 513 हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञों एवं चिकित्सकों ने महिलाओं की जांच कर आवश्यक उपचार व परामर्श दिया।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओपी जगतावत ने बताया कि अभियान का उद्देश्य मातृ मृत्यु दर में कमी लाना तथा गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और प्रसव पूर्व देखभाल उपलब्ध कराना है। इसके तहत प्रत्येक माह की 9 एवं 25 तारीख को विशेष जांच शिविर आयोजित किए जाते हैं।जांच के दौरान संभावित जटिलताओं को देखते हुए चिन्हित महिलाओं की निशुल्क सोनोग्राफी भी कराई गई।सीएमएचओ डॉ जुगतावत ने बताया कि एनीमिया, उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, पूर्व सिजेरियन प्रसव, जुड़वा गर्भ, गर्भ में शिशु की असामान्य स्थिति, पूर्व गर्भपात, 35 वर्ष से अधिक उम्र में गर्भधारण, अधिक प्रसव तथा टीबी, गुर्दा, हृदय रोग, मलेरिया, एचआईवी और हेपेटाइटिस-बी जैसी बीमारियों से ग्रसित गर्भवती महिलाओं को हाईरिस्क श्रेणी में रखा जाता है

# कैंसर की सफल शल्य चिकित्सा, 16 वर्षीय जयश्री को मिली नई जिंदगी

नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने जटिल शल्य चिकित्सा कर 16 वर्षीय किशोरी के गले से कैंसर की गांठ निकालकर उसे नई जिंदगी दी है।खंडवा निवासी जयश्री पिछले दो वर्षों से गले में गांठ की समस्या से परेशान थी। उसे सांस लेने में कठिनाई, गर्दन में दर्द और भारीपन महसूस होता था।

समय के साथ सूजन और गांठ का आकार बढ़ता जा रहा था, जिससे परिजन चिंतित थे। कई स्थानों पर उपचार कराने के बाद भी उसे राहत नहीं मिली।करीब दस दिन पहले परिजन उसे जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ डॉ सुनील बिजोलिया ने जांच की। सूक्ष्म सुई कोशिका परीक्षण में



थायराइड ग्रंथि में कैंसर की प्रारंभिक अवस्था सामने आई। इसके बाद चिकित्सकों ने शल्य चिकित्सा की तैयारी शुरू की।डॉ बाजोलिया ने निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. भारती और टीम के सहयोग से 29 अप्रैल को सफल शल्य चिकित्सा कर लगभग 2M2 सेंटीमीटर की कैंसरयुक्त गांठ निकाल दी। शल्य चिकित्सा के बाद जयश्री अब पूरी तरह स्वस्थ है।डॉ बाजोलिया ने बताया कि इस प्रकार की जटिल शल्य चिकित्सा सामान्यत: बड़े शहरों में ही की जाती है। खंडवा में थायराइड कैंसर की यह पहली सफल शल्य चिकित्सा मानी जा रही है। उन्होंने कहा कि पूरी चिकित्सकीय टीम के समन्वय और प्रयास से यह चुनौतीपूर्ण उपचार सफल हो सका।जयश्री ने अस्पताल के चिकित्सकों और परिचारिका दल के उपचार व सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उपचार आयुष्मान भारत योजना के तहत नि:शुल्क किया गया।

## सहायक कलेक्टर ने खालवा क्षेत्र के अस्पतालों का किया निरीक्षण



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** सहायक कलेक्टर शिल्पा चौहान ने शनिवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओपी जुगतावत के साथ खालवा विकासखंड के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं और कार्यक्रमों की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र कटारिया तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेन्द्र सिंह चौहान भी उपस्थित रहे।सहायक कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुलाई एवं देवलीखुर्द तथा उप स्वास्थ्य केंद्र धामा और दावनिया का निरीक्षण कर गर्भवती महिलाओं को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और एएनएम को निर्देश दिए कि हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की नियमित निगरानी और फॉलोअप सुनिश्चित किया जाए।इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से भी स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और सेवाओं के बारे में जानकारी ली।

## जनगणना कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर श्वेता का सम्मान

**खंडवा।** नगर निगम खंडवा द्वारा संचालित जनगणना कार्य के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली एन्यूमरेटर श्रीमती श्वेता को सम्मानित किया गया। उन्होंने ज़ोन-2 के ब्लॉक-1 में एचएलबी मैपिंग कार्य के दौरान निर्धारित लक्ष्य से बेहतर प्रदर्शन करते हुए अब तक 120 सेंसस हाउस और 90 मकानों का फील्ड सर्वे एवं सफल मैपिंग कार्य पूर्ण किया है।

नगर निगम सभागृह में कार्यक्रम में मुख्य जनगणना अधिकारी प्रियंका राजावत ने श्वेता को सम्मानित करते हुए उनके कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में मैदानी स्तर पर कार्य करने वाले कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत





महत्वपूर्ण होती है। समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य से ही जनगणना का उद्देश्य सफल हो सकता है।मुख्य जनगणना अधिकारी ने बताया कि एचएलबी मैपिंग के तहत क्षेत्र के प्रत्येक मकान, भवन और सेंसस हाउस का भौतिक सत्यापन कर डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है, ताकि आगामी जनगणना कार्य व्यवस्थित और सटीक तरीके से संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि श्रीमती श्वेता ने कठिन परिस्थितियों में भी निरंतर क्षेत्र भ्रमण कर जिम्मेदारी के साथ कार्य किया, जो अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायक है।इस अवसर पर जनगणना कार्य में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अन्य एन्यूमरेटरों को भी प्रोत्साहित करने की बात कही गई। अधिकारियों ने सभी कर्मचारियों से निर्धारित समयसीमा में लक्ष्य पूर्ण करने, मैदानी कार्य में सक्रियता बनाए रखने तथा डेटा की गुणवत्ता और शुद्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जनगणना कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मचारियों को आगे भी सम्मानित और प्रोत्साहित किया जाता रहेगा।

## वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर किया स्मरण

नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** सद्भावना मंच के सदस्यों ने मंच संस्थापक प्रमोद जैन के नेतृत्व में आयोजित सभा में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर उनके राष्ट्र और स्वाभिमान के लिए दिए गए योगदान को याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की।





मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि कार्यक्रम में महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर उपस्थित सदस्यों ने उन्हें नमन किया तथा उनके संघर्षपूर्ण जीवन पर विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप मेवाड़ के ऐसे वीर योद्धा थे जिन्होंने अधीनता स्वीकार करने से इनकार करते हुए अपने सीमित संसाधनों के बावजूद मुगल सेना का साहसपूर्वक सामना किया।सभा में कहा गया कि महाराणा प्रताप ने जीवनभर स्वाभिमान और राष्ट्र रक्षा के लिए संघर्ष किया तथा आने वाली पीढियों को साहस, त्याग और देशभक्ति की प्रेरणा दी। उनके पदचिन्हों पर चलकर राष्ट्र रक्षा और समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया गया।इस अवसर पर प्रमोद जैन, पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, डॉ. जगदीशचंद्र चौरे, सुरेंद्र गीते, डॉ. एम.एम. कुरेशी, गणेश भावसार, निर्मल मंगवानी, राधेश्याम शाक्य, एन.के. दवे, सुभाष मीणा, त्रिलोक चौधरी, सईद खान, कैलाश पटेल सहित सद्भावना मंच के सदस्य उपस्थित रहे।

एक नजर — नाबालिग को भगाकर महाराष्ट्र ले गया था पड़ोसी

# मूंदी पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत आरोपी को भेजा जेल

नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** मध्य प्रदेश के खंडवा जिले की मूंदी थाना पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के कोपरगांव में दबिश देकर एक नाबालिग बालिका को सुरक्षित बरामद किया है और अपहरणकर्ता आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

यह मामला बीती 13 अप्रैल को शुरू हुआ था, जब मूंदी निवासी एक व्यक्ति ने थाने में अपनी नाबालिग पुत्री के अचानक घर से लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। परिजनों ने पड़ोस में रहने वाले एक युवक पर संदेह व्यक्त करते हुए उसके द्वारा बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका जताई थी। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) के तहत





अपहरण का प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। पुलिस अधीक्षक के कड़े निर्देशों पर गठित विशेष टीम ने मुखबिरों का जाल बिछाया और तकनीकी साक्ष्यों की मदद ली। जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी बालिका को लेकर महाराष्ट्र के कोपरगांव क्षेत्र में छिपा हुआ है। सूचना की तस्दीक होते ही पुलिस टीम ने वहां छापेमारी की और पीड़िता को दस्तयाब कर लिया। खंडवा लाने के बाद महिला पुलिस अधिकारी द्वारा पीड़िता के विस्तृत बयान दर्ज किए गए। बयानों में सामने आए तथ्यों के आधार पर पुलिस ने मूल प्राथमिकी में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की विभिन्न धाराएं बढ़ाईं। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी अक्षय पिता कालीचरण मेहतर (21 साल), निवासी वार्ड क्रमांक 15, मूंदी को गिरफ्तार किया। आरोपी को स्थानीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इस पूरी सफल कार्रवाई में मूंदी थाना प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र नरवरिया के कुशल मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक अरुण पाटिल, सहायक उपनिरीक्षक कैलाश तिवारी, प्रधान आरक्षक अखिलेश यादव और महिला आरक्षक पूजा नरवरे की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र के नागरिकों और पीड़िता के परिजनों ने राहत महसूस की है।

## जिला स्तरीय दो दिवसीय वर्ग का शुभारंभ



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत श्रीमीत परिसर में आयोजित जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र में विधायक कंचन मुकेश तन्वे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस दौरान विधायक तनवे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की विचारधारा, सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित में कार्य करने के संकल्प पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की निष्ठा, अनुशासन और जनसेवा की भावना से ही संभव है।उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए सक्रियता एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण वर्ग में संगठनात्मक कार्यपद्धति, जनसंपर्क, सेवा गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि यह प्रशिक्षण वर्ग संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय और प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।कार्यक्रम में संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष राजपाल तोमर, विधायक नारायण पटेल , महापौर अमृता यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े, महामंत्री धर्मेंद्र बजाज, पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा, सुभाष कोठारी, कार्यालय प्रभारी भरत पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।